# GTPL STRENGTHENS BROADBAND AND HITS PLAY

***GTPL Hathway reported 7% revenue growth for FY26, backed by stable cable TV operations and continued broadband expansion. The company is also betting on its new HITS platform and bundled digital services to drive future growth in India's evolving broadcast and connectivity market.***

GTPL Hathway Ltd delivered a stable financial performance for FY26, reinforcing its position as one of India's largest digital cable TV and broadband service providers. The company reported consolidated revenue of Rs 3746.6 crore for the financial year ended March 31, 2026, marking a 7% year-on-year growth driven by consistent contributions from both its cable TV and broadband businesses.

For the March quarter (Q4 FY26), revenue rose 4% year-on-year to Rs 934.4 crore, reflecting resilience in a competitive market environment where operators continue to balance subscriber retention, content costs and network investments.

However, profitability remained under pressure during the quarter. EBITDA for FY26 stood at Rs 432.1 crore with a margin of 11.5%, while Q4 EBITDA came in at Rs 90.8 crore, translating to a margin of 9.7%, lower than the 12.7% reported in the corresponding period last year. Despite the moderation, the company maintained an operating EBITDA margin of 22% for the full year, indicating relative stability in its core business operations.

# जीटीपीएल ने ब्रॉडबैंड और हिट्स के क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत की

***जीटीपीएल हेथवे ने एफवाई26 के लिए 7% राजस्व विकास दर दर्ज की, जिसका श्रेय उसके स्थिर केबल टीवी संचालन और ब्रॉडबैंड के लगातार विस्तार को जाता है कंपनी भारत के तेजी से बदलते प्रसारण और कनेक्टिविटी बाजार में भविष्य की विकास को बढ़ावा देने के लिए अपने नये हिट्स प्लेटफॉर्म और बंडल्ड डिजिटल सेवाओं पर भी दांव लगा रही है।***

जीटीपीएल हेथवे लि ने एफवाई 26 में स्थिर वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिससे भारत के सबसे बड़े डिजिटल केबल टीवी और ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं में से एक के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 3746.6 करोड़ रु का समेकित राजस्व दर्ज किया है, जो इसके केबल टीवी और ब्रॉडबैंड, दोनों व्यवसायों से लगातार योगदान के कारण 7% की साल–दर–साल वृद्धि दर्शाता है।

मार्च तिमाही (क्यू4 एफवाई26) के लिए, राजस्व साल–दर–साल 4% बढ़कर 934.4 करोड़ रु हो गया है। यह एक प्रतिस्पर्धी बाजार माहौल में कंपनी की मजबूती को दिखाता है, जहां ऑपरेटर सब्सक्राइबर को बनाये रखने, कंटेंट की लागत और नेटवर्क में निवेश के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

हालांकि, इस तिमाही के दौरान मुनाफे पर दवाब बना रहा। जबकि वित्तीय वर्ष 26 के लिए ईबीआईटीडीए 432.1 करोड़ रु रहा, जिसका मार्जिन 9.7% था–जो पिछली साल की इसी अवधि में दर्ज किये गये 12.7% से कम है। इस गिरावट के बावजूद, कंपनी ने पूरे साल के लिए 22% का ऑपरेटिंग ईबीआईटीडीए मार्जिन बनाये रखा, जो उसके मुख्य व्यावसायिक कार्यों में सापेक्ष स्थिरता को दर्शाता है।




GTPL's cable TV business continued to remain the company's primary revenue driver. Subscription revenue from the segment stood at Rs 1186.2 crore for FY26, while Q4 cable TV revenue reached Rs 285 crore. The company reported an active subscriber base of 94 crore and paying subscribers of 87 crore as of March 31, 2026, underlining its strong distribution footprint across India.

The broadband business recorded comparatively moderate growth, with FY26 revenue increasing 2% year-on-year to Rs 558 crore. Quarterly broadband revenue rose 3% to Rs 139.4 crore. Subscriber additions remained limited, with the broadband base increasing marginally to 1.06 million users. However, rising data consumption trends highlighted improving customer engagement, with average monthly usage per subscriber growing 10% year-on-year to 436 GB during Q4. Broadband ARPU stood at Rs 465 per month.




A key strategic milestone during the year was the launch of "GTPL Infinity," the company's Headend-in-the-Sky (HITS) platform. Backed by a large C-band teleport facility in Ahmedabad, the satellite-based distribution system is designed to enhance nationwide television signal delivery while enabling rapid service deployment for partner operators. The platform currently distributes nearly 800 channels, including a significant HD channel portfolio.




GTPL is also intensifying its focus on bundled services by integrating OTT platforms, gaming and TV Everywhere offerings alongside its traditional cable and broadband products. The company believes such value-added services will play an increasingly important role in customer retention and revenue growth.

Looking ahead to FY27, GTPL plans to accelerate broadband penetration, deepen fibre-to-the-home expansion and scale its HITS operations as part of its broader strategy to strengthen television distribution and digital connectivity across India.■

जटीपीएल का केबल टीवी व्यवसाय कंपनी के लिए कमाई का मुख्य जरिए बना रहा। इस सेगमेंट से सब्सक्रिप्शन से होने वाली कमायी एफवाई **26** में **1186.2** करोड़ रुपये रही, जबकि क्यू**4** में केबल टीवी से कमाई **285** करोड़ रुपये तक पहुंच गयी। कंपनी ने **31** मार्च **2026** तक **94** करोड़ एक्टिव सब्सक्राइबर और **87** करोड़ पे टीवी सब्सक्राइबर थे, जो पूरे भारत में उसके मजबूत वितरण नेटवर्क को दर्शाता है।

ब्रॉडबैंड व्यवसाय में तुलनात्मक रूप से मध्यम विकास दर्ज किया गया, जिसमें एफवाई **26** का राजस्व साल–दर–साल **2%** बढ़कर **558** करोड़ रुपये हो गया। तिमाही ब्रॉडबैंड राजस्व **3%** बढ़कर **139.4** करोड़ रुपये हो गया। सब्सक्राइबर जोड़ने की गति सीमित रही, और ब्रॉडबैंड बेस मामूली रूप से बढ़कर **1.06** मिलियन यूजर्स तक पहुंच गया। हालांकि, डेटा खपत के बढ़ते रूझानों ने बेहतर कस्टमर एंगेजमेंट को उजागर किया, क्यू**4** के दौरान प्रति सब्सक्राइबर औसत मासिक उपयोग साल–दर–साल **10%** बढ़कर **436** जीबी हो गया। ब्रॉडबैंड एआरपीयू **465** रुपये प्रति माह रहा।

इस साल का एक अहम रणनीति पड़ाव था 'जीटीपीएल इनफिनिटी' की शुरूआत, जो कंपनी का 'हेडएंड–इन–द–स्काई' (हिट्स) प्लेटफॉर्म है। अहमदाबाद में एक बड़ी सी बैंड टेलीपोर्ट सुविधा से समर्थित, यह सैटेलाइट आधारित वितरण प्रणाली पूरे देश में टेलीविजन सिगनल की डिलीवरी को बेहतर बनाने के साथ–साथ पार्टनर ऑपरेटरों के लिए तेजी से सेवा शुरू करने में मदद करने के लिए डिजाइन की गयी है। यह प्लेटफॉर्म अभी लगभग **800** चैनलों को वितरित करता है, जिसमें एचडी चैनलों का एक बड़ा पोर्टफोलियो शामिल है।

जीटीपीएल अपने पारंपरिक केबल और ब्रॉडबैंड उत्पाद के साथ–साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म, गेमिंग और 'टीवीएवरिवियर' सेवाओं को जोड़कर, बंडल्ड सेवाओं पर भी अपना ध्यान बढ़ा रहा है। कंपनी का मानना है कि ऐसी वैल्यू एडेड सेवायें ग्राहकों को बनाये रखने और राजस्व बढ़ाने में लगातार अहाम भूमिका निभायेगी।

वित्तीय वर्ष **2027** में जीटीपीएल ने पूरे भारत में टेलीविजन वितरण और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की अपनी व्यापक रणनीति के तहत, ब्रॉडबैंड की पहुंच को तेज करने, 'फाइवर–टू–दॅ–होम' विस्तार को गहरा करने और अपने हिट्स संचालन का विस्तार करने की योजना बनायी है।■